महत्वपूर्ण एवं खास

WBJEE 2018 Result नतीजे घोषित, wbjeeb.nic.in पर करें चेक, अभिनंदन बोस ने किया टॉप

नई दिल्ली (आरएनएस)। WBJEE 2018 Result: पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा बोर्ड (WBJEEB) ने पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा (WBJEE 2018) 2018 के नतीजे घोषित कर दिया है। प्रवेश परीक्षा (ऑफलाइन मोड- ओएमआर बेस्ड) 22 अप्रैल, 2018 को आयोजित हुई थी। रिजल्ट का सक्सेस रेट 64 प्रतिशत रहा है।

पश्चिम बंगाल में कई इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी डिग्री कोर्सेज, यूनिवर्सिटी में फार्मेसी व आर्किटेक्चर प्रोग्राम्स, सरकारी कॉलेजों और स्वयं वित्त पोषित इंजीनियरिंग व तकनीकी संस्थानों में एडमिशन के लिए पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा बोर्ड यह परीक्षा आयोजित करता है।

पिछले वर्ष WBJEE परीक्षा परिणाम 5 जून को जारी किया गया था। www.wbjeeb.nic.in पर रिजल्ट WBJEE 2018 रैंक कार्ड के रूप में होगा जिसे डाउनलोड किया जा सकेगा। इसके अलावा परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाइट www.wbjeeb.in पर जाकर अपने मार्क्स भी देख सकेंगे।

कर्नाटकः शपथ समारोह में विपक्ष का 'शक्ति प्रदर्शन'

नई दिल्ली (आरएनएस)। कर्नाटक में जदएस-कांग्रेस की गठबंधन सरकार के मुखिया तौर पर एचडी कुमारस्वामी बुधवार को शपथ ग्रहण करेंगे। उनके साथ दलित नेता और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जी. परमेश्वर उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। वहीं, दूसरी तरफकर्नाटक विधानसभा परिसर में बने मंच से भाजपा के विरोध में विपक्षी दलों का शक्ति प्रदर्शन भी दिखेगा। कुमारस्वामी के शपथ ग्रहण समारोह में पूरब से पश्चिम तक, उत्तर से दक्षिण तक गैर भाजपा नेता पहुंच रहे हैं।दिलचस्प बात ये है कि राजनीतिक और वैचारिक रूप से विरोधी माने जाने वाले नेता भी कांग्रेस-जेडीएस के इस आयोजन में एक मंच पर नजर आने वाले हैं। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बसपा सुप्रीमो मायावती, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, राजद के तेजस्वी यादव, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आदि शिरकत करेंगे। हालांकि, द्रमुक नेता एमके स्टालिन ने बेंगलुरु जाने का अपना कार्यक्रम रद कर दिया है। इसकी बजाय वह बुधवार को तमिलनाडु के तूतीकोरिन जाएंगे जहां नौ लोग पुलिस फायरिंग में मारे गए हैं।

राज्य के अंदर पचास हजार रूपये तक ई-वे बिल पर छूट - भरत बजाज

रायपुर (आरएनएस)। जीएसटी कमेटी के संयोजक भरत बजाज ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित ई-वे बिल की कार्यशाला में राज्य जीएसटी अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि राज्य के अंदर पचास हजार रूपये तक के माल परिवहन पर ई-वे बिल लागू नहीं होगा। छत्तीसगढ़ चेम्बर भवन में आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों ने कहा कि पंजीकृत व्यक्ति द्वारा पचास हजार से अधिक के मूल्य का परिवहन पंजीकृत व्यक्ति द्वारा माल का प्रारंभ करने के पूर्व ई-वे बिल जनरेट करना आवश्यक है । माल का परिवहन सप्लाई के लिये हो या सप्लाई से भिन्न कारण से या अपंजीकृत व्यक्ति से प्राप्त कर स्वयं के लिये हो एवं माल का प्रारंभ एवं समापन छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर हो ।

राज्य के अंदर ई-वे बिल की व्यवस्था 1 जून 2018 से लागू हो रही है ई-वे बिल का संचालन मोटरयुक्त वाहन एवं रेल पर लागू होगा। पचास हजार रूपये से कम के माल के परिवहन तथा मानव प्रयोग हेतु शराब, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी,पीडीएस, केरोसीन, एटीएफ प्राकृतिक गैस, जीएसटी में छूट प्राप्त माल, (आयल केक को छोड़कर), पर ई वे बिल जनरेट करने से छूट प्राप्त होगी । ई वे बिल विक्रेता या क्रेता या ट्रांसपोर्टर स्वयं जनरेट कर सकता है। ई वे बिल को दो पार्ट में भरना होगा पार्ट-ए एवं पार्ट-बी। यदि विक्रेता से ट्रांसपोर्टर की दूरी यदि 50 कि.मी. से कम है तब उस परिस्थिति में ई-वे बिल का पार्ट बी भरने की छूट है एवं ट्रांसपोर्टर से क्रेता की दूरी 50 कि.मी. से कम है तो पार्ट-बी (वाहन के ब्यौरे)से छूट प्राप्त है ।

संचालनालय आयुष के अधिकारियों को मिली धमकी भरा पत्र

रायपुर (आरएनएस)। फार्मसिस्ट आयुर्वेद के पदों की पूर्ति के लिए अज्ञात व्यक्ति द्वारा संचनालय आयुष के अधिकारियों को धमकी भरा पत्र भेजने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों प्रार्थिया श्रीमति केशर पात्र पति डी.एल.पात्र 50 वर्ष आयुष संचनालय रायपुर में उप संचनालय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एवं होम्योपैथिक के पद पर कार्यरत है। प्रार्थिया ने थाने में शिकायत किया कि संचनालय आयुष द्वारा फार्मसिस्ट आयुर्वेद के पदों की पूर्ति व्यापम से कराने के लिए 13 अप्रैल 2916 को विज्ञापन जारी किया गया था।

मुख्यमंत्री के विकास यात्रा पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

बिलासपुर (आरएनएस)। सरकार की विकास यात्रा पर रोक लगाए जाने और विकास यात्रा के ज़रिए भाजपा का प्रचार किए जाने संबंधी याचिका पर रोक लगाने से हाईकोर्ट की वेकेशन बेंच ने इंकार कर दिया है।

हालाँकि वेकेशन के बाद नियमित बेंच याने डीबी इस पर सुनवाई करेगी।यह सुनवाई 18 जून को होगी।

इस याचिका को लेकर स्टे की संभावना को लेकर कांग्रेस उम्मीद से थी, लेकिन फ़िलहाल जब तक नियमित सुनवाई नही होती, तब तक विकास यात्रा पर रोक की कोई संभावना दूर तक नही है। कांग्रेस की तरफ से हाईकोर्ट में एक याचिका लगायी गयी थी, जिसमें सरकारी पैसे के दुरुपयोग, सरकारी कार्यक्रम के भाजपायीकरण सहित कई आरोप लगाये गये थे।गर्मी की छुट्टी की वजह से वेकेशन कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। वेकशन कोर्ट ने कांग्रेस की ओर से विकास यात्रा पर रोक के लगाई याचिका को स्टे के लायक नही माना अब छुट्टियों के बाद 18 जून को डीबी इसकी सुनवाई करेगी। करीब एक से डेढ़ घंटे तक चली बहस के बाद वेकेशन बेंच ने स्टे के लायक प्रकरण ना पाते हुए इसे नियमित सुनवाई के लिए भेजा है।इससे पहले विकास यात्रा के भाजपायीकरण का हवाला देते हुए एक याचिका दायर की गयी थी। वहीं सरकारी विज्ञापनों में भाजपा नेता को जगह दिये जाने संबंधी मामलो को लेकर सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइंस का भी हवाला दिया गया था।आपको बता दें मुख्यमंत्री रमन सिंह 12 मई से विकास यात्रा पर निकले हुए हैं,, वो जगह विकास यात्रा के जरिये 5 साल के कामकाज का हिसाब दे रहे हैं, साथ ही क्षेत्र की जरूरतों के हिसाब से विकास कार्यो की सौगाते दे रहे हैं।

25 रुपये प्रति लीटर तक कम किये जा सकते हैं पेट्रोल के दाम

नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 30 पैसे और महंगा होकर 77 रुपए प्रति लीटर को पार कर गया, जबकि वहीं मुम्बई में पेट्रोल के दाम 85 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए। चारों बड़े महानगरों में पेट्रोल की सर्वाधिक कीमत मुम्बई में है। मुम्बई में पेट्रोल की कीमत बुधवार को 22 पैसे प्रति लीटर और बढ़कर 84.99 रुपए प्रति लीटर हो गई। यहां डीजल भी सबसे महंगा 72.76 रुपये प्रति लीटर है। इस बीच कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने दावा किया कि तेल की कीमतें 25 रुपये प्रति लीटर तक कम की जा सकती हैं,

लेकिन सरकार अपने फायदे के लिए कीमतें कम नहीं कर रही। चिदंबरम ने बुधवार को ट्विटर पर कहा, कीमतें 25 रुपये प्रति लीटर तक कम की जा सकती हैं, लेकिन सरकार ऐसा नहीं करेगी। वे पेट्रोल की कीमत एक या दो रुपये कम करके लोगों को धोखा देंगे। चिदंबरम ने कहा कि सरकार को पेट्रोल पर प्रति लीटर 25 रुपये का मुनाफा हो रहा है। इन पैसों पर आम उपभोक्ताओं का हक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से प्रति लीटर पेट्रोल पर 15 रुपये बचा रही है।

नक्सलियों ने भाजपा सांसद का फार्म हाऊस उड़ाया

बीती रात सांसद के फार्म हाऊस पर नक्सलियों ने मचाया उत्पात

कांकेर (आरएनएस)। कांकेर जिले के अंतागढ़ थाना क्षेत्र में भाजपा सांसद विक्रम उसेंडी के फार्म हाऊस को बीती रात नक्सलियों ने बारूदी विस्फोट कर उड़ा दिया। नक्सलियों ने फार्म हाऊस में मौजूद कर्मचारियों से मारपीट भी की।

गौरतलब है कि जहां पर नक्सलियों द्वारा सांसद विक्रम उसेंडी के फार्म हाउस को ब्लास्ट कर उड़ाया गया है, वहां से महज 13 किलोमीटर की दूरी पर आज मुख्यमंत्री की आमसभा होनी है। ऐसे में नक्सली हमलों को देखते हुए सभा स्थल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जिससे कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम बरेंबेड़ा स्थित सांसद के फार्म हाऊस में बीती रात 25-30 वर्दीधारी सशस्त्र नक्सलियों ने धावा बोल दिया। नक्सलियों ने फार्म हाऊस में मौजूद कर्मचारियों को मारा पीटा और बाहर निकाल दिया। तत्पश्चात फार्म हाऊस में आईईडी लगाकर उसमें विस्फोट कर उड़ा दिया।

भाजपा शासित राज्यों में दलित अत्याचार चरम पर: जोगी

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे.) के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने कहा है कि राजकोट गुजरात में कचरा उठाने वाले निरीह दलित की रस्सी से बांधकर लोहे के राड से चार व्यक्तियों द्वारा बेदम पिटाई से हुई दर्दनाक हत्या की जितनी निंदा की जाये कम है। जब से केन्द्र में भाजपा सरकार आयी है भाजपा शासित राज्यों में दलितों एवं अल्पसंख्यको पर अत्याचार एवं अमानवीय व्यवहार की बाढ़ सी आ गयी है। गुजरात में घटित इस दर्दनाक घटना के पूर्व भी दलित एवं अल्पसंख्यक उत्पीडन् के कई प्रकरण सामने आये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय

अध्यक्ष अमित शाह द्वारा दलितों एवं अल्पसंख्यकों के विरूद्ध किये जा रहे अमानवीय अपराधिक कृत्यों की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। भाजपा के दोनों नेता अपने दल की लोकप्रियता बढ़ाने की दिशा में मंसूबे बनाने की सोच में ही डूबे रहते है तथा ऐसे गंभीर एवं संवेदनशील मुद्दों पर चुप्पी भाजपा की दलित एवं अल्पसंख्यक के प्रति स्थापित निम्न मानसिकता को उजागर करती है। श्री जोगी ने कहा है कि दलित एवं अल्पसंख्यक को उत्पीडन् के द्वारा भाजपा के पक्ष में लाने की एक सोची समझी साजिश की ओर इंगित करता है। उसी प्रकार गौमास, भक्षण एवं गौवध का झूठा आरोप लगाकर निहत्ते अल्पसंख्यकों की बेदम पिटाई कर हत्याओं की श्रृंखला चलायी जा रही है। नरेन्द्र मोदी की चेतावनी के बावजूद दलितों एवं पशु कारोबारी मुस्लिमों की हत्याएं एवं उत्पीड़न की घटनाएं रूकने का नाम नही ले रही है। अपराधिक तत्वो के हौसले बेखौफ बढ़ते ही जा रहे है। भाजपा को इसका भुगतान आगामी चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

1 जनवरी 2016 के पूर्व पेंशनरों का मप्र शासन ने सातवें वेतनमान के अनुरूप 2.57 गुणांक बढ़ाया

रायपुर (आरएनएस)। मप्र में 1/1 /2016 के पहले सेवानिवृत्त हुये पेंशनरों को सातवें वेतनमान का लाभ दिये गये जाने की घोषणा विगत 15 मई को आयोजित सम्मेलन में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पेंशनर महापंचायत की मांग पर स्वीकृत किया है जिसका अनुमोदन चौहान ने कैबिनेट में भी करवा लिया है। अरूण सक्सेना अध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन ग्वालियर ने जानकारी देते हुये बताया कि पेंशनरों को प्राप्त हो रही मूल्य पेंशन में 2.57 से गुणांक कर वृद्धि की गई है।

मंत्री परिषद में निर्णय लेते हुये 1 जनवरी 2016 के पूर्व के शासकीय पेंशनरों / परिवार पेंशनरों के पेंशन /परिवार पेंशन की बहुप्रतिक्षित मांग को पूर्ण किया है। उपरोक्त पुनरीक्षित पेंशन का नगद लाभ 1 अप्रैल 2018 से मई 2018 के मध्य किये जाने की मांग संघ ने की है।

साथ ही वृद्ध पेंशनर्स/परिवार पेंशनर्स को देय अतिरिक्त पेंशन की सुविधा यथावत रखी जाए। सातवें वेतनमान के अनुरूप राहत दी जाए। यह तमाम मांगें मंत्री परिषद ने अनुमोदित कर वित्त विभाग को तत्काल आदेश निकालने के निर्देश दिये है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री बंडारू दत्तात्रेय के बेटे का हार्ट अटैक से मौत

हैदराबाद (आरएनएस)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के दिग्गज नेता बंडारू दत्तात्रेय के बेटे वैष्णव का मंगलवार देर रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह 21 साल के थे और हैदराबाद में पढ़ रहे थे। उनके निधन की खबर मिलने से हैदराबाद और दत्तात्रेय के संसदीय क्षेत्र सिकंदराबाद में लोगों में शोक है। वैष्णव के निधन पर रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दुख व्यक्त किया है।

वैष्णव हैदराबाद के मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे थे। वह तीसरे वर्ष के छात्र थे। बताया गया है कि मंगलवार को रात में खाने के बाद उन्हें स्ट्रोक आया। परिजन उन्हें फैरन मुशीराबाद स्थित गुरु नानक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां रात करीब 1:30 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।वैष्णव के निधन पर रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट किया है- 'यह खबर सुनकर सदमे में हूं। एक बच्चे के निधन पर दुख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

हिट्स पाने के लिए बनाते थे प्रैंक विडियो, पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। ट्रेन में यात्रियों और मोटरमैन से शरारत करके विडियो बनाने वाले और उसे यूट्यूब पर अपलोड करने वाले तीन युवकों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया। हालांकि, बाद में तीनों युवकों को जमानत मिल गई। इन युवकों को आगे से ट्रेन और आसपास शरारत न करने की हिदायत भी दी गई है। ये लोग ट्रेन के ड्राइवरों से अजीब्रोगरीब सवाल करते थे। एक विडियो में एक आरोपी ट्रेन के ड्राइवर से पूछता है, 'अंकल मुझे ट्रेन चलाने दो, मैंने अपने भाई के टॉय ट्रेन से ड्राइव करना सीखा है।' एक अन्य आरोपी ड्राइवर से पूछता है, 'अंकल मैं ट्रेन गोवा ले जाऊं।' इस पर मोटरमैन हंसने लगता है। एक अन्य सीन में आरोपी मोटरमैन से ऐसी ही फरमाइश करता है तो जवाब मिलता है, 'मम्मी डैडी को ले के आ, सब जाएंगे।' रेलवे प्रॉटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) के अधिकारियों ने बताया कि विखरोली के रहने वाले अभिषेक कुनिइल (23), राहुल गोडसे (19) और शुभम शुक्ला

(19) पर रेलवे ऐक्ट 145 (बी), 146 और 147 धाराओं में कार्रवाई की गई। तीनों युवक सार्वजनिक स्थलों पर शरारत करके उसका विडियो बनाते थे। उस विडियो को वे यूट्यूब और सोशल मीडिया + में अपलोड करते थे। उनके इन विडियो को सैकड़ों लाइक्स भी मिलते थे। इंजिनियरिंग कर रहे अभिषेक ने बताया कि उसे इस तरह के विडियो बनाने का आइडिया अपने कॉलेज के एक सीनियर से आया। वह इस तरह के विडियो बनाकर यूट्यूब + में अपलोड करते थे, उनके विडियो को स्पॉन्सर होते हैं।

माउंट एवरेस्ट पर फतेह करने वाला राहुल पहला छत्तीसगढ़िया बना

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर का रहने वाला राहुल गुप्ता ने माउंड एवरेस्ट की चोटी में छत्तीसगढ़ शासन का मोनो लगा झंडा फहरा कर नया इतिहास रचा है। इस

रिकार्ड के साथ माउंड एवरेस्ट में चढ़ने वाला पहला छत्तीसगढ़िया बन गया है। इतिहास रचने के बाद राहुल की तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई है जिसका काठमांडू के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। ज्ञात हो कि राहुल गुप्ता माउंट ऐवरेस्ट पर पहुंचने वाले पहले छत्तीसगढ़िया के साथ-साथ वर्ष 2018 के पहले भारतीय भी हैं। राहुल गुप्ता के साथ 22 अन्तर्राष्ट्रीय पर्वतारोही इस दल में शामिल थे। राहुल की यात्रा 8 अप्रैल से शुरू हुई थी। नेपाल होते हुए राहुल बेस कैंप पहुंचे और पांच कैंपों से होते हुए 22 दिनों का सफर तय कर 14 मई को सुबह 7 बजे एवरेस्ट पर छत्तीसगढ़ शासन का मोनो लगा झंडा लहराया। राहुल ने करीब 120 किलोमीटर की तेज रफ्तार से चल रही बर्फीली हवाओं के बीच यह इतिहास रचा।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट का वायरल होना खतरनाक -साधना शर्मा

रायपुर (आरएनएस)। सोशल मीडिया फेसबुक एवं वाटसअप पर इन दिनों वैचारिक बहस जात धर्म एवं राजनीतिक विषयों को लेकर जारी है। मैसेज पढ़ने के दौरान यह देखने में आ रहा है कि ट्विटर सहित इंस्टाग्राम पर अनेक लोग आपत्तिजनक पोस्ट डाल रहे है जो राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को तोड़ने का कुछ लोगों द्वारा किया जा रहा प्रयास है जिस पर शासन प्रशासन में बैठे आला अधिकारियों को सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। कहने को तो साइबर सेल प्रदेश के जिला मुख्यालयों में स्थापित किया गया है। बावजूद इसके अब तक कड़ी कार्यवाही नहीं होने से अश्लीलतम गालियां भी कुछ लोगों द्वारा पोस्ट की जा रही है। लिखने में भाषा का संयम टूट रहा है जो जरूरी है। उक्ताशय के विचार कुमारी साधना शर्मा कोटा ने चर्चा के दौरान व्यक्त किये।

साधना ने कहा कि राजनीतिक विषयों, सामाजिक विषयों एवं धार्मिक विषयों पर लोगों की राय अलग- अलग हो सकती है किन्तु उस पर आपत्तिजनक पोस्ट करना देश की एकता एवं अखंडता के लिए खतरनाक है। देश में कुछ विध्वंसकारी ताकतें है जो समुदाय में आपसी भाईचारा खत्म कर लोगों को आपस में लडवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि खूबसूरत लड़कियों के फोटो शेयर करने के दौरान उस पर आपत्तिजनक कमेंट किया जाना अनुचित है।